## 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति और जिला योजना समिति की हुई बैठक

# न्यूनतम मजदूरी दिलाने की जिम्मेदारी प्रशासन की: सत्यानंद भोक्ता

**श्रम मंत्री ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले के मजदूरों और कामगारों को न्यूनतम मजदूरी दिलाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की है। इसकी जांच भी होनी चाहिए। यह बात श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कही। वह सोमवार को समाहरणालय में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति और जिला योजना समिति के बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मांडू विधायक जेपी पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, डीसी माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए काम हो रहा है। गरीब, जरूरतमंद तथा योग्य लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कई योजनाएं चलायी हैं। उन्होंने सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप काम करने और आम जनों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करते हुए योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभाग द्वारा प्राप्त आवंटन को ससमय खर्च करने का निर्देश भी दिया। जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की विभागवार जानकारी दी।

### श्रम अधीक्षक से ली जानकारी

जिले के मजदूरों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए हुए काम की जानकारी मंत्री ने श्रम अधीक्षक से ली। उन्होंने डीइओ और डीएसइ से स्कूलों की स्थिति की जानकारी ली। मंत्री ने पेयजल, खाद्य आपूर्ति, राशन कार्ड, आवास, पथ निर्माण और अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी ली और तेजी से काम करने को कहा।

### 7.90 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

मौके पर मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा लगभग 7.90 करोड़ की राशि की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास भी किया गया।

## राज्य सरकार को बदनाम करने की कोशिश में लगा है रामगढ़ जिला प्रशासन : दिनेश मुंडा

**रामगढ़ (आजाद सिपाही संवाददाता)। जिला 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा ने रामगढ़ जिला प्रशासन पर कई आरोप लगाये हैं। सोमवार को उन्होंने मीडिया से कहा कि राज्य सरकार तो आम जनता के लिए काम कर रही है, लेकिन रामगढ़ जिला प्रशासन सरकार को ही बदनाम करने की साजिश में लगा है। उन्होंने कहा कि वह 20 सूत्री उपाध्यक्ष पद पर लगभग डेढ़ वर्षो से हैं। उन्हें किसी भी योजना की जानकारी नहीं दी जाती। यहां तक कि सरकारी कार्यक्रमों में भी उन लोगों को आमंत्रित नहीं किया जाता है।**

## डीएवी में समर कैंप का शानदार शुभारंभ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में सोमवार को कक्षा तीसरी से लेकर सातवीं तक, 9वीं और 11वीं कक्षा के बच्चों के लिए समर कैंप का शानदार शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संचालन संयोजक केके भट्टाचार्य ने किया। विद्यालय प्राचार्य निशिकांत कर ने प्रेषित संदेश के माध्यम से कहा कि बच्चों के चहूंमुखी विकास के लिए विद्यालय हमेशा प्रयासरत रहा है। साथ ही, छुट्टी के समय का भी सदुपयोग बच्चों के कौशल विकास के लिए किया जाता है। विद्यालय की विशेषता हमे एक अलग पहचान देती है। वही, दीप प्रज्वलन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय सुपरवाइजरी हेड कृष्ण मोहन झा ने समर कैंप का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस कैंप के आयोजन का उद्देश्य बच्चों के कौशल में अभिवृद्धि व उनकी अभिरुचि के अनुसार सह शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना है, जो उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं उसे बहुआयामी बनाने में सहायक होगा। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि पूर्ण समर्पित भाव से, एकाग्र चित्त होकर नृत्य, लघु नाटिका, फोटोग्राफी, चित्रकला, लेखन व पाठन कौशल में पूरे जोश एवं उत्साह के साथ शामिल हो। इससे पूर्व, प्रातः कालीन सभा में खेल शिक्षक सुमित कुमार ने बच्चों को ड्रिल और सूक्ष्म व्यायाम कराया। तत्पश्चात बच्चों को उनकी अभिरुचि के अनुसार उन्हें नृत्य, संगीत, चित्रकला, मंत्रोच्चार, लघु नाटिका आदि विभिन्न समूहों में बांटकर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। तीन घंटे चले कार्यक्रम के पहले दिन बच्चों ने पूरे जोश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। वही, पूरी मस्ती, आनंद और उल्लास से भरकर एक-एक पल का लुफ्त उठाया' मौके पर विद्यालय के शिक्षक केके अम्बष्ठा, वीके वर्मा, सुजय मिश्रा, नीरज पाठक, पी बेहेरा, प्रकाश ठाकुर, मुकेश झा, एस गोस्वामी, पी विश्वास, भूपेंद्र सोनी, मौसमी बनर्जी, अनीता सिंह, रंजना बाला सिन्हा, माधवी, दीपिका, डीके पाठक आदि मौजूद रहे। ज्ञात हो कि यह समर कैंप एक सप्ताह तक चलेगा व समापन 20 मई शनिवार को होगा। साथ ही, कक्षा अष्टम, दशम व द्वादश के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया गया है।

## नेहा का एसएससी में क्लर्क पद पर चयन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** टालीवान धौड़ा भुरकुंडा निवासी स्व. जितेंद्र पासवान उर्फ जीतू पासवान व माता आशा देवी की पुत्री ने एसएससी सीजीए (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) में सफलता हासिल कर अकाउंटेंट बनने का गौरव पाया है। नेहा की सफलता पर उसके परिजनों सहित कोयलांचल भुरकुंडावासियों में हर्ष का माहौल है। साथ ही बधाईयों का तातां लगा हआ है। इस अवसर पर नेहा कुमारी के चाचा जुगल पासवान ने कहा कि बेटी की सफलता से बड़ा उपहार और कुछ नहीं हो सकता है। नेहा ने पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। इधर नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों, गुरूजनों और कठिन परिश्रम को दी है। नेहा की सफलता पर सरोजकांत झा, उत्तम सिन्हा, संतोष पासवान, अनिल पासवान, श्याम पासवान, मुकेश पासवान, राजेश मिश्रा, संजय मिश्रा सहित कोयलांचलवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## लिंकेज का कोयला अवैध तरीके से जा रहा था मंडी, पुलिस ने पकड़ा ट्रक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मांडू।** मांडू पुलिस ने कोयला लदा एक ट्रक पकड़ा है। साथ ही चालक को गिरफ्तार किया है। मामले में मामला दर्ज कर चालक को जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि ट्रक संख्या एनएल 01 एए 7592 को जब मांडू पुलिस ने पकड़ा तो पता चला कि उस पर लदा कोयला कुज्जू क्षेत्र में बने बालाजी प्लांट को आवंटित किया गया था। हजारीबाग के रहने वाले एक मास्टरमाइंड के द्वारा इस अवैध कारोबार को संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने जब दस्तावेजों की जांच की तो कई स्थानों पर गड़बड़ी पाई गई। पुलिस ने बताया कि इस मामले में ट्रक चालक सहदेव राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही आगे की जांच अभी की जा रही है।

### बड़कागांव से हो रही बालू की तस्करी

मांडू पुलिस ने अवैध तरीके से बालू ले जा रहे हैं एक हाईवा को जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि हाईवा जेएच 02 बीबी 2910 पर 900 सीएफटी बालू लदा हुआ था। यह बालू बड़कागांव क्षेत्र से लादकर मांडू ने बेचने की योजना थी। इस मामले में हाईवा चालक कृष्णा कुमार को भी गिरफ्तार किया है।

### चर्चा में प्राइवेट थानेदार

इधर पुलिस सूत्रों ने बताया कि मांडू पुलिस से ज्यादा उसका एक निजी चालक सक्रिय है। जो धीरे धीरे प्राइवेट थानेदार के नाम से क्षेत्र में जाना जा रहा है। सूत्र बताते है कि दिन में एक अधिकारी के आवास में खरार्टेदार नींद लेता है। शाम होते ही बाज की तरह शिकार करने निकल जाता है। शिकार करने में असफल रहा तो शिकार को अपने चहेते अधिकारी को सुपुर्द कर देता है। जिसके बाद मामले को सबके सामने लाया जाता है। सूत्रों का दावा है कि इससे पहले कुछ माह पूर्व निवर्तमान एसपी प्रभात कुमार ने निजी चालकों पर नकेल कसकर बाहर का रास्ता दिखाया था। लेकिन एक बार फिर पुरानी परिपाटी शुरू हो गया है। जिसके कारण कुछ थानों में प्रस्थापित अधिकारी घुटन महसूस करने लगे है। क्योंकि ऐसे चालक आदेश निर्देश भी जारी करते रहते है।

## इलेक्ट्रॉनिक बाइक का शुभारंभ



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा अगर दिल में लगन और कुछ करने की तमन्ना हो तो कोई भी कार्य किया जा सकता है, ऐसा ही ही कुछ कर दिखाया है कान्हाचट्टी प्रखंड के बड़वार गांव निवासी लालधारी प्रजापति के 22 वर्षीय पुत्र निलेश प्रजापति ने नीलेश द्वारा बनाया गया इलेक्ट्रिक बाइक का शुभारंभ। अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने पूजा-अर्चना के तत्पश्चात उन्होंने कहा कि आज के युवा हमारे देश की युवा है युवा उत्साह, उर्जा और गतिशीलता का झरना है। यह हमारे देश की युवा है जो हमारे देश की विरासत को आगे बढ़ाने वाले और विकास की उपलब्धियों की नई ऊंचाई को हासिल करने में मदद करेंगे। वहीं उन्होंने इस अविष्कार के लिए निलेश को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुखिया सुप्रिया देवी, पंसस ममता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, प्रवीण सिंह, मटुक सिंह, प्रयाग सिंह, अवधेश सिंह, विनोद सिंह, दिलीप उरांव, लक्ष्मी सिंह, प्रकाश सिंह समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हवन-पूर्णाहुति के साथ मां भगवती काली मंडप महायज्ञ संपन्न

**भक्ति जागरण पर रातभर झूमे श्रद्धालु, भंडारा आज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा नीचे धौड़ा में चल रहे श्री श्री 1008 तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा सह मां भगवती काली मंडल जिर्णोद्धार महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को तीसरे दिन पुजारियों द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गए। सोमवार को प्रतिष्ठा आवाहित, देवी-देवताओं व कन्या पूजन, हवन और पुणार्हुति के साथ महायज्ञ संपन्न हो गया। महायज्ञ के समापन पर मंगलवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा। महायज्ञ समिति के लोगों ने क्षेत्र के श्रद्धालु से प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। पूजा में बतौर यजमान बीके करमाली-काजू देवी, बागेश्वर करमाली-ममता देवी, टिंकू करमाली-अंजू देवी, राजेश करमाली -सुनीता देवी, सूरज करमाली-संगीता देवी सपत्नी शामिल हुए। तीनों दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों की भीड़ उमड़ी रही। वहीं सोमवार की रात्रि महायज्ञ को ले भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसके पूर्व महायज्ञ के दूसरे दिन रविवार को 33 कोटी देवताओं का आहवान, स्थान पूजन और अधिवास, नगर भ्रमण, सय्याधिवास सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य द्वारा संपन्न कराया गया। महायज्ञ को संपन्न कराने में कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया अजय पासवान, सचिव आजाद भुइयां, कोषाध्यक्ष संजीत राम, सदस्य राजेंद्र करमाली, दीपक भुइयां, विनय कुमार, राहुल पासवान, बसंत करमाली, राममूर्ति नायक, सूरज कुमार, रामकुमार, शंकर करमाली, सनी करमाली, रोशन पासवान, गोलू कुमार, करमाली, राज करमाली, जीतू भुईयां, लाली करमाली, सूरज चैधरी, मोहन भुइयां, छोटू भुइयां, संतोष कुमार, अनीश कुमार, अशोक राम, मनीष कुमार, निहाल कुमार, विवेक कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## कुंदरुकला में मंडा पर्व का आयोजन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरुकला में रविवार रात को मंडा पर्व का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रामगढ़ पुर्व विधायक ममता देवी द्वारा मंदिर में भोलेनाथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त की। तत्पश्चात मंडा समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। पुर्व विधायक ममता देवी ने कार्यक्रम का विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। इस दौरान संबोधित करते हुए कहा की मंडा पूजा के दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है, जिसमें बड़े तो बड़े, नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर खुले पांव चलते हैं तथा सिर के बल बनस झूलते हैं। उनका उद्देश्य भगवान भोले शंकर से मन्नत मांगना होता है। इस दौरान सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आये। झारखंड का पारम्परिक लोकपर्व मंडा पूजा इस साल भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है, मंडा पर्व के भक्त आराध्य भगवान भोले शंकर की पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का कठिन तपस्या जैसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े, नन्हे बच्चे भी आग के दहकते अंगारों पर सिर के बल झूलते नजर आते हैं। उनका उद्देश्य भगवान भोले शंकर से मन्नत मांगना होता है। इस दौरान सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आये। मंडा पूजा का इतिहास भी काफी प्राचीन है। लोग बताते हैं कि इस परंपरा की शुरूआत नागवंशी राजाओं के द्वारा की गई थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार झारखंड में मनाई जाने वाली मंडा पूजा भगवान भोले शंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद के रूप में मनाई जाती है। ये भक्त दहकते अंगारों पर बच्चों को भी सिर के बल झुलाते हुए निकल जाते हैं मौके पर कमेटी के अध्यक्ष खेमन महतो, सचिव निरंजन बेदिया, मुख्य संरक्षक हीरालाल महतो, तुलसीदास महतो, रामकुमार सिंहा, दिगंबर गुप्ता, तुलसी महतो, राकेश सिन्हा, दीपक रामू, महतो छोटेलाल, रंजीत करमाली, विनोद करमाली, शैलेंद्र महतो, चुरामन पटेल, विजय केसरी, कुलदीप करमाली, दिलिप महतो, छोटन अंसारी, गुलजार अंसारी, चिंतामणी बेदिया, अनिल महतो, अंचल पासवान सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सीसीएल प्रबंधन के नोटिस से दुकानदारों में डर

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना प्रबंधन के द्वारा घुटुवा सेकंड गेट के दुकानदारों को नोटिस थमाया गया है। नोटिस के माध्यम से सीसीएल प्रबंधन ने व्यवसाई को सूचना दिया है कि सभी दुकानदारों के दुकान के पीछे चारदीवारी कार्य शुरू किया जायेगा। इसलिए पीछे की तरफ के सामानों को खाली करने का निर्देश दिया है। सूचना मिलने से दुकानदारों में डर का माहौल है, उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है। दो नम्बर गेट के दुकानदारों ने सीसीएल प्रबंधन से गुहार लगायी है कि कुछ जगह छोड़ कर चारदीवारी कार्य संपन्न करें। बताते चलें कि रामगढ जिले का सर्वश्रेष्ठ दुर्गा पूजा स्थल घुटुवा के सामने सीसीएल प्रबंधन के द्वारा चारदीवारी कार्य किया जाना है। दुकानदारों को चिंता सता रही है कि अगर भविष्य में रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया जायेगा तो दुकानदारों का दुकान समाप्त हो जायेगा जिसके कारण उनके सामने बेरोजगारी व भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए दुकानदारों ने सीसीएल प्रबंधन से कुछ जगह छोड़ कर चारदीवारी कार्य करने का आग्रह किया है।

## 96 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। बैठक में स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कुल 96 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया । बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक अरुण कुमार एक्का, शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक , जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**चतरा। उपायुक्त आबू इमरान ने जिला निर्वाचन कार्यालय के वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य कार्यों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जांच के क्रम में उपाय अपने कार्यालय की निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का भी गहन जांच किया इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।**

## साई स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**इटखोरी (आजाद सिपाही)।** इटखोरी साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में स्कूल में टापर रहे विद्यार्थियों को पुस्तक तथा पौधा देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम, निदेशक अशोक कुमार, जीप सदस्य सरिता देवी तथा विद्यालय के प्राचार्य हरगोविंद तिवारी ने दसवीं की परीक्षा में टापर रहे रिया, प्रियांशु, ज्योति, अमित और ऋषिका को सम्मान स्वरूप प्रसिद्ध लेखक का पुस्तक तथा पौधा भेंट किया।

## मानवीय सेवा सबसे बड़ा धर्म: विनय सिंह



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में भुरकुंडा बाजार स्थित रेलवे लाइन पर सोमवार को पनशाला का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन चैम्बर के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी विनय कुमार सिंह और स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर विनय सिंह ने कहा की भुरकुंडा कोयलांचल का मुख्य बाजार है, लेकिन आम नागरिकों के लिए सामूहिक शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नगण्य है। इसलिए मानवीय तौर पर यह आम नागरिक को समर्पित है। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए पनशाला का शुभारंभ किया गया है ताकि बाजार आने-जाने वाले राहगिरों व दुकानदारों को शुद्ध और ठंडा पेयजल मिल सके। श्री सिंह ने कहा कि इस पनशाला से व्यवसायियों, आमजनों व राहगिरों को पेयजल में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मानवीय सेवा सबसे बड़ा धर्म है, साथ ही प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। मौके पर शिव कुमार यादव, संजय साहू, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र यादव, महेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार, रंजीत यादव, भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू वर्णवाल, रामकुमार सिंह, राज किशोर प्रसाद, दीपक प्रसाद, कमल पोद्दार, अधिवक्ता रॉकी अग्रवाल सहित दर्जनों दुकानदार व आमजन मौजूद थें।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-34-2023, दिनांक: 12.05.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य के नामः** रांची-पिस्का स्टेशन के बीच एलसी सं. एमएच-32 एवं आरटी-1 के बदले में सीमित ऊंचाई वाले सब-वे का निर्माण। **निविदा मूल्य:** ₹ 12,29,27,838.26। **ईएमडी मूल्य:** ₹ 7,64,600/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** 05.06.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-161)


## आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी और उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव के खिलाफ प्राथमिकी का शुरू हुआ विरोध

# अपराधियों से बेखबर रामगढ़ पुलिस, नेताओं को बना रही निशाना: आजसू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले में पिछले पांच महीनों से अपराध का ग्राफ काफी बढ़ गया है। आजसू पार्टी जब भी पुलिस प्रशासन की नाकामियों को उजागर करती है, तब पुलिस प्रशासन अपराधियों को छोड़कर नेताओं को ही अपना निशाना बनाने लगती है। उक्त बातें सोमवार को आजसू पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी के वरीय नेता रोशन लाल चौधरी ने कही। उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि अपराधियों से बेखबर प्रशासन सिर्फ आजसू के नेताओं पर अपना जोर दिखा रही है। लेकिन आजसू भी झुकने वाला नहीं है। पार्टी भी आंदोलन करने के लिए तैयार है। रोशन चौधरी ने कहा कि रामगढ़ में चोरी डकैती लूट हत्या जैसे संगीन अपराध हो रहे हैं। पुलिस अपराधियों को पकड़ने में विफल रहती है तो आम जनता पर जोर आजमाइश करती है। हेलमेट चेकिंग के नाम पर सुभाष चौक, बाजार टांड़ और शहर के अन्य स्थानों पर नागरिकों को रोककर प्रताड़ित करना शुरू करती है। शहर में लोग अपने जरूरी काम के लिए निकलते हैं और उन्हें वाहन जांच के नाम पर घंटों परेशान किया जाता है। अगर वाकई जांच अभियान चलाना है तो वे हाईवे पर चलाएं।

### पुलिस प्रशासन के खिलाफ डीजीपी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल : तिवारी महतो

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कहा कि जिला प्रशासन के गलत रवैया का विरोध आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी और उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू भोपाली ने किया था। उन लोगों ने यह कहा था कि अगर वारदातों का उद्भेदन नहीं होता है तो वे हेलमेट चेकिंग के नाम पर जनता को भी परेशान नहीं होने देंगे। लेकिन पुलिस ने आंदोलन करने वाले नेताओं के खिलाफ ही मारपीट, लूट और अन्य कई झूठे आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज करा दी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित

: प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरबी ठाकुर, जिला सचिव लालचंद महतो, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरी रतम साहू, अनुसूचित जाति महासभा के जिलाध्यक्ष उत्तम पासवान, जिला प्रवक्ता सुरेंद्र महतो, संजय बनारसी, बिभन सिंह, तेजनाथ महतो, बबलू मोदी, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, अजय महतो, रामबृछ माह, अजय पांडेय, शंकर पासवान उपस्थित थे।

## पिछड़ी जाति संघर्ष समिति का गठन आज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 16/05/2023 को तेली धर्मशाला मे पिछडी.जाति संघर्ष समिति का गठन केन्द्रिय अध्यक्ष उदासन नाग के उपस्थिति मे किया जायेगा। पिछडी जाति संघर्ष समिति के संरक्षक जयनाथ साहू ने कहा कि रणनीति तैयार करने के लिए दलगत नीति से ऊपर उठकर ओ बी सी आरक्षण शून्य होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके लिए हम लोगो को मिल कर चरणबद्ध आंदोलन करने कि आवश्यकता है। आंदोलन के प्रथम चरण मे 25 मई मध्य रात्रि से 26 मई 2023 मध्य रात्रि तक बन्द रखने पर चर्चा एवं रूपरेखा तैयार किया जायेगा।

## वाहन की चपेट में आने से हिरण की मौत



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। पीटीआर के बेतला नेशनल पार्क से मर्माहत करने वाली खबर निकल कर आया है। बता दें कि बेतला छिपादोहर मार्ग स्थित बक्शा मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक हिरण की मौत हो गयी। वहीं दूसरी ओर वन विभाग जांच पड़ताल में जुट गयी है।

## सौतेला बाप ही निकला मासूम बच्चे का हत्यारा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ला में एक 12 साल के मासूम बच्चे की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी माता-पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमे बच्चे की मां ने पुलिस के समक्ष सारा राज खोल दिया। उसने पुलिस को बताया कि पैसे को लेकर बौखलाये हकीम ने ही मासूम अन्नू का रस्सी से गला घोंट दिया था। पुलिस ने जालिम बाप के विरुद्ध कांड संख्या 66/23 धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। हकीम अंसारी अपनी दूसरी पत्नी और दोनों सौतेले बेटों के साथ बीते दो तीन वर्षों से कुडू के हमीद नगर ब्लॉक मुहल्ले में रह रहा था। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हकीम ने अपनी पहली पत्नी की हत्या कर दी थी और बाद में असमिना से दूसरी शादी की थी जबकि असमिना के पहले पति की मौत हो गयी थी और उसके पहले पति से दो बच्चे थे जिसमे एक अन्नू था।

## जिला स्तरीय विकास समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 के अनुश्रवण का निर्देश

**जलछाजन योजना और मानव दिवस सृजन की समीक्षा की जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में विकास समन्वय की बैठक हुई। सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा हुई। जिसमें मानव दिवस सृजन में प्रगति लाये जाने का निर्देश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना 2023-24 का प्रत्येक दिन अनुश्रवण का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में छूटे हुये प्रखंडों को योजना पूर्ण करने के लिए एक सप्ताह का समय और जियो टैग करने का निर्देश दिया गया। नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना अंतर्गत प्रत्येक प्रखंड में टीसीबी और फील्ड बण्ड के 500-500 साईट चिन्हित करने का निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। जलछाजन योजना और मानव दिवस सृजन की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में द्वितीय किस्त की राशि भुगतान का अंतर कम करने का निर्देश दिया गया। बैठक में राजस्व अंतर्गत दाखिल खारिज की भी समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त जिला में भूमि अधिग्रहण के मामलों की भी समीक्षा की गयी और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। समाजिक सुरक्षा अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं की स्थिति, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, कौशल विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग अंतर्गत मरम्मति किये गये चापकलों की स्थिति, जल नल योजना की स्थिति, कृषि विभाग अंतर्गत सूक्षम टपक सिंचाई योजना की स्थिति की समीक्षा की गयी। सभी प्रखंडों में सौ-सौ हेक्टेयर की भूमि लघु सिंचाई योजना के लिए चिन्हित किये जाने का निर्देश दिये गये। साथ ही जहां चेकडैम और अमृत सरोवर की योजना है वहां भी सूक्ष्म टपक सिंचाई की योजना से किसानों को अच्छादित किये जाने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि ऋृण माफी योजना अंतर्गत जिन पंजीकृत किसानों का केवाईसी पूर्ण नहीं हो पाया है उनका केवाईसी पूर्ण कराने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस निमित्त कैंप आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, इस कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण किये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में जिला योजना अंतर्गत योजनाओं, मत्स्य विभाग की योजनाओं, गव्य विकास की भी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला समन्व्यक प्रधानमंत्री आवास योजना, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य उपस्थित थे।

## इंपैक्स इंडिया फाउंडेशन के उद्घाटन के बाद चंदवा सीएचसी पहुंचे विधायक और उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**चंदवा।** चंदवा के इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाइफ लाइन समारोह का उद्घाटन करने के बाद चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचे। विधायक, उपायुक्त और जिला प्रशासन की टीम सभी ने जायजा लिया। इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के शिविर में जांच कराने के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीण स्कूली बच्चे सभी से उपायुक्त ने मिलकर शिविर का लाभ उठाने का कही है। इसके साथ ही एनसीसी की टीम को भी स्वास्थ्य शिविर में सहयोग के लिए बुलाने की बात कही है। लातेहार जिला के सभी स्कूली बच्चों को भी चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मोतियाबिंद और आंख कि जांच कराई जा रही है। इस अवसर पर लातेहार पंचायती राज के अध्यक्ष पूनम देवी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी सरोज देवी मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो समाजसेवी रोहित कुमार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान राजेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आधुनिक और वैज्ञानिक शिक्षा की दिशा में गुरुकुल बेहतर सेवा दे रहा है: रोहित उरांव

- आर्यवीर दल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का हुआ समापन
- शांति आश्रम विद्यालय मे स्थानीय विधायक मद से एक सभा भवन का हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा शांति आश्रम मे स्थानीय विधायक निधि से लगभग 12 लाख रूपया से एक सभा भवन का उद्धघाटन और युवा चरित्र निर्माण शिविर का हुआ समापन। आर्यवीर दल के सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन विगत 9 मई से 15 मई तक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मंत्री डॉ. रामेश्वर उराँव के सुपुत्र रोहित प्रियदर्शी उराँव, आर एल सैनी थे। मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उराँव ने कहा की स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव जी का विजन है कि हर समाज के बच्चों को सम्पूर्ण शिक्षा मिलना चाहिए शिक्षा ही विकास की कुंजी है। इस अवसर पर आर एल सैनी, डॉ. कुंजदेव मनीषी, सहित आर्यवीर के छात्र और अन्य लोग उपस्थित थे।

# बंद पड़े अभिजीत और एस्सार पावर प्लांट में अधिकारी और सुपरवाइजर कर रहे खेला

- मिलीभगत से हर दिन प्लांट से चोरी हो रहा करोड़ों का स्क्रैप
- कंपनी को जमीन देनेवाले रैयत निराश, भरोसे को मिला धोखा

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** चंदवा-चतरा मुख्य पथ पर अवस्थित पंचायत चकला बाना में अभिजीत पावर प्लांट और जमीरा पंचायत के चोतरो गांव में एस्सार पावर प्लांट की जब स्थापना हो रही थी, तो चंदवा सहित पूरे आसपास के गांवों में जश्न का माहौल था। लोगों ने इन प्लांटों को बहुत ही आशा और विश्वास के साथ अपनी जमीन दी थी कि आनेवाले दिनों में नौकरी, रोजगार और कारोबार मिलने से उनका जीवन संवर जायेगा। आसपास के कई लोगों ने तो इस उम्मीद में ट्रकें भी खरीद ली थीं वे ट्रक कंपनी में लग जायेंगे और उनसे उनके परिवार को भरण-पोषण होगा। आसपास दुकानें भी सज गयीं। कंपनी को प्लांट लगाने के लिए कर्ज देनेवाले बैंक ने अपनी भरपाई के लिए कंपनियों को नीलाम कर दिया। अब यह कंपनी परिसर खंडहर में तब्दील हो रहा है। यहां पड़े अरबों के स्क्रैप को बाहरी कंपनियां औने-पौने दाम पर खरीद कर ले जा रही हैं। इस कंपनी से क्षेत्र की जनता और यहां के स्थानीय छोटे व्यापारियों को कोई लाभ नहीं मिल पाया। कंपनी को जमीन देनेवाले रैयत निराश हैं। उनके भरोसे को कंपनी में बैठे गलत अफसरों ने तोड़ दिया। प्लांट चालू होता तो क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होता, पर इसके कबाड़ में बिकने से सिर्फ स्क्रैपर को फायदा हो रहा है। जनता मुंह बाये खड़ी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि अगर छोटे-छोटे बल्क में इन स्क्रैपों की नीलामी होती, तो स्थानीय छोटे व्यवसायी भी उसमें हिस्सा ले सकते थे। आसपास के मजदूरों को भी लदाई करने पर कुछ पैसा मिलता। बंद पड़े प्लांट प्लांट मे अधिकारी और सुपरवाइजर अब खूब खेल खेल रहे हैं। उनकी मिलीभगत से हर दिन लाखों के स्क्रैप प्लांट से टपाये जा रहे हैं। चोरों ने यहां की चहारदीवारी को भी कई जगहों से तोड़ दिया है। हालांकि इसकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है, इसके बावजूद हर दिन चोर हाथ साफ कर रहे हैं। कभी-कभी थाना पुलिस कुछ ट्रकों को पकड़ती भी है, लेकिन यह खेल रुक नहीं रहा है।

**लोगों का सपना, सपना ही रह गया**

कुछ दिनों के बाद लोगों की यादों और कहानियों में जाना जायेगा कि लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड क्षेत्र में भी कभी पावर प्लांट लगाया जा रहा था। राजनेताओं की काली नजर लगने से प्लांट तैयार नहीं हो पाया और लोगों का अच्छे दिनों का सपना, सपना ही रह गया।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व गंधर्व भगत की 15वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक सुखदेव भगत के पिता स्वतंत्रता सेनानी समाजसेवी स्वर्गीय गंधर्व भगत की 15 वीं पुण्यतिथि श्री भगत के आवासीय परिसर में मनायी गयी। सबसे पहले पुरोहित परमानंद मिश्र के द्वारा पूजा हवन का कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने आवासीय परिसर में स्थित स्वर्गीय गंधर्व भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किये। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय गंधर्व भगत सामाजिक कार्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन महात्मा गांधी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ था जिनका अधिवेशन रामगढ़ में आयोजित किया गया था स्वर्गीय गंधर्व भगत अपने सहपाठियों के साथ साइकिल से अधिवेशन में भाग लिये थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पुत्र दुर्गा भगत, सुखदेव भगत, पुत्रवधू चंद्रपति भगत, अनुपमा भगत, अभिनव सिद्धार्थ, सुबोध साहू, रफीक अंसारी, दयानंद उराव, नन्हे अंसारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पेशरार इलेवन और लोहरदगा इलेवन के बीच हुआ क्रिकेट मैच

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन के तरफ से चल रहे तीन टीमों के बीच सीरीज में सोमवार का मैच पेशरार इलेवन और लोहरदगा इलेवन के बीच हुआ, जिसमें पेशरार इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बैटिंग करने उतरी लोहरदगा की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाया। लोहरदगा की टीम के तरफ से शमशाद ने शानदार 134 रन बनाये। पेशरार इलेवन के तरफ से बोलिंग में शिवम ने चार विकेट अभिमन्यु ने 2 विकेट लिए जवाबी पारी खेलने उतरी पेशरार इलेवन की टीम 16 ओवर में 10 विकेट खोकर 105 रन ही बना सकी। पेशरार इलेवन की टीम के तरफ से अभिमन्यु ने 30 तथा तौहीद ने 20 रन बनाए लोहरदगा इलेवन के तरफ से बोलिंग में अभय ने 3 विकेट लिए। इस मैच को बड़ी आसानी से लोहरदगा इलेवन की टीम ने 125 रन से जीत लिया।

## अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

कैरो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नगजुआ में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से आसपास के लोगो मे भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। जिस व्यक्ति का शव बरामद हुआ है उसके छाती में सरस्वती लिखा हुआ है। और उसके पैकेट से अंग्रेजी में रिचर्ड टोनेलिंसन नाम से डायरेक्ट फ्लोरेंस पब्लिक स्कूल को लिखा हुआ एक आवेदन मिला है। कैरो थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया। कैरो थाना पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली ने शव की पहचान करने हेतु खबर को अधिक से अधिक लोगों तक भेजने की बातें बतायी गयी। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाया था।

## उतका बाजार टांड़ के बगल में मिंज एलिक्ट्रिक्स दुकान का उद्घाटन

कैरो(आजाद सिपाही)। प्रखंड उपप्रमुख मधुलिका रानी ने फीता काटकर किया।मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली के सामान की दुकानें बहुत कम है इस दुकान के खुलने से क्षेत्र के लोगो को बिजली के सामान आसानी से मिल जायेगा लोगों को दूर दराज भटकना नही पड़ेगा। मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह उपप्रमुख के प्रतिनिधि शरत कुमार विद्यार्थी, रणधीर कुमार सिंह, अख्तर अंसारी, जमील अख्तर, इडेन मिंज, रामप्रसाद पाल, बिनोद रविदास आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने जलछाजन कार्य प्रारंभ करने का दिया निर्देश

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड सभागार में जेई, पंचायत सचिव और एई के साथ बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त द्वारा निर्देशित नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत चयनित प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे में तथा झलजमीरा पंचायत के गगेया में जलच्छाजन का कार्य को दो दिन के अन्दर प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास कार्यो का समीक्षा करते हुए चर्चा किया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, एई मनु कुमारी, पंचायत सचिव आनन्द सिंह के अलावे अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## कनेक्शन पाइप फट जाने से पानी हो रहा बर्बाद




लातेहार (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र के अंबाकोठी मोहल्ला (वार्ड नंबर 10) में गुप्ता साउंड के घर के पास सप्लाई वाटर कनेक्शन का पाइप फट जाने से हजारों लीटर पीने का पानी बहकर यूं ही बर्बाद हो रहा है। यह स्थिति करीब शहर में चार माह से बनी हुई है। इसकी शिकायत पूर्व वार्ड पार्षद वीरेंद्र पासवान ने कई बार नगर पंचायत के कर्मियों और पदाधिकारियों से की है, लेकिन विभाग इसे दुरूस्त कराने के प्रति पूरी तरह उदासीन है। मोहल्लावासीयों ने कहा कि इस मोहल्ले में दो-दो वार्ड पार्षद और एक नपं कर्मी का घर भी स्थित है, बावजूद इसके एक माह में वाटर सप्लाई का पाइप दुरूस्त नहीं होना चिंतनीय है। मोहल्लेवासियों ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव से वाटर सप्लाई पाइप को अविलंब दुरूस्त कराने की मांग की है।

# बेरमो की खबरें

## महुआटांड़ और ललपनिया में रहा माओवादी बंदी का व्यापक असर

आजाद सिपाही संवाददाता






**महुआटांड़(बेरमो)।** एकदिवसीय माओवादी बंदी का महुआटांड़ एवं ललपनिया मे रहा व्यापक असर देखने को मिला। इस दौरान बाजार की लगभग सभी दुकानें बंद रही। वहीं दूसरी ओर बोकारो एवं रामगढ़ जाने वाली सभी बसें आवागमन ना कर अपने बस पड़ाव खड़ी रही। बसों के ना चलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बंदी के दौरान सड़क एवं बाजार पूरी तरह से सुनसान रही। इक्का-दुक्का इंसान एवं वाहन अति आवश्यक कार्य के लिए सड़कों पर नजर आए। इस दौरान कोई भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्थानीय थाना की पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। गौरतलब है कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई के विरोध में माओवादियों ने 15 मई को पूरे भारत बंद का ऐलान किया था। बंद का असर 14 मई रविवार की आधी रात से नक्सलियों का बंदी प्रभावी हो गया था।

बंद के मद्देनजर जिला पुलिस और रेलवे हाई अलर्ट पर रही। विदित हो कि नक्सली संगठन के बंद को देखते हुए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। भाकपा माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता संकेत ने बयान जारी कर इस बंद का ऐलान किया था।

## हत्या के दो मामलों में चार को आजीवन कारावास

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या और हत्या के मामले में बेरमो थाना अंतर्गत घुटियाटांड करगली कॉलोनी निवासी रितेश कुमार ठाकुर, पारस ठाकुर, इंदु देवी और राहुल ठाकुर को सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनायी। मालूम हो कि बिहार के औरंगाबाद जिला के रिसियप थाना अंतर्गत सनथुआ निवासी अनिल कुमार प्रभाकर ने 25 जनवरी 2019 को बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसकी बेटी अर्चना कुमारी उर्फ माला की शादी 19अप्रैल 2016 को रितेश कुमार ठाकुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही सूचक अनिल कुमार प्रभाकर की बेटी अर्चना कुमारी के साथ उसके पति रितेश कुमार ठाकुर, ससुर पारस ठाकुर, सास इंदु देवी और देवर राहुल ठाकुर सहित ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उनको शादी में दहेज बहुत कम मिला है, एक स्विफ्ट कार मांग कर लाओ वरना तुम्हें नहीं रहने देंगे। सूचक के द्वारा अर्चना कुमारी को अपने घर औरंगाबाद ले जाया गया। जहां वह लगभग 1 वर्ष तक रही पता उसकी बच्ची हुई। किन्तु आने के ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे कहने लगे कि अगर दहेज में कार नहीं मिला तो आप की बेटी अर्चना और नतिनि को जलाकर मार देंगे अगर तुम आओगे तो तुम्हें भी मार देंगे। फिर 25 जनवरी 2019 को सुबह राहुल ठाकुर का फोन आया कि आपकी बेटी एवं नतिनी जल गई है । अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया एवं सूचक के अधिवक्ता उमेश प्रसाद ने बहस में उनका साथ दिया।

## विद्यालय के संस्थापक ने गरीब छात्र को उच्च शिक्षा के लिए लिया गोद



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी ।** गोमिया प्रखंड के अंतर्गत चतरोचट्टी थाना क्षेत्र में स्थित ग्रेट वैली पब्लिक स्कूल चतरोचट्टी के संस्थापक महोदय बिंदेश्वर नायक ने कतवारी के स्व.नागेश्वर अगेरिया के पुत्री दर्पण कुमारी ने अंत्यत गरीब छात्र को निशुल्क उच्च शिक्षा दिलाने हेतु अपने विद्यालय में गोद लिया। वही रविन्द्र महतो ने अपनी निजी खर्च से निशुल्क यातायात सेवा देने की कराने की घोषणा की। साथ ही चतरोचट्टी थाना प्रभारी नीरज कुमार ने भी उस गरीब छात्र की उच्च शिक्षा दिलाने हेतु अपने स्तर से पाठ्य पुस्तक की उपलब्ध कराने व हर संभव मदद करने की भरोसा दिये। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि नारायण महतो, तिलकधारी महतो, उपमुखिया जीतलाल महतो, आंनद साव, इकबाल खान, शिव शंकर मंडल नाम तेरा लेकर सभी शिक्षकगण थे।

## कचरे के ढेर खोल रही स्वच्छता अभियान की पोल

# स्कूल के सामने लगा कूड़े का अंबार




आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह(बेरमो)।** नावाडीह प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र के परिसर में भारी मात्रा में कूड़ा कचरे का अंबार लगा है। इस तरह विधालय के पास कूड़ा फेकना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार की तरफ से लगातार स्वच्छता अभियान को लेकर कई दावे किए जाते है। नावाडीह में शायद ही कोई स्कूल होगा जहां इस तरह से कचरा फेंका जाता होगा। सर्वाधिक आश्चर्य इस बात का है कि शनिवार को प्रखंड के बीडीओ संजय सांडिल्य ने निरीक्षण किया। लेकिन उनका ध्यान इस गंदगी पर नहीं पड़ा या स्कूल के प्रबन्धन ने जान बूझ कर अपनी खामी को छुपाने का प्रयास किया।

स्थानीय ग्राम पंचायत द्वारा भी यहां साफ-सफाई के प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कचरे के ढेर के कारण कई तरह की बीमारियां पनप रहीं हैं। जिसकी चपेट में विद्यालय के बच्चे कभी भी आ सकते हैं। गंदगी बाउंड्री के बाहर जिस स्थान पर फेका जा रहा हैं और अंदर ठीक सामने विधालय में किचन है। जिससे मलेरिया और डेंगू जैसी जानलेवा बीमारी का भी भय हमेशा बना रहता है।

# माओवादियों के भारत बंद का गुमला जिला में कोई असर नहीं



**बसों का परिचालन रहा सामान्य, खुली रहीं दुकानें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

गुमला। माओवादी संगठन द्वारा भारत बन्द का गुमला जिला में कोई असर नहीं दिखा। जिले की सभी दुकानें सामान्य दिनों की तरह खुली रहीं। बसों का परिचालन होता रहा। हालांकि बन्द को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। जिले में कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बंद से सामान्य जनजीवन पर कोई असर नहीं देखा गया।

जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के आलावा उग्रवाद प्रभावित प्रखंड चैनपुर, विशुनपुर, गुरदरी आदि जगहों में जनजीवन सामान्य रहा। आज से कुछ वर्ष पूर्व नक्सली बन्दी की अफवाह मात्र से लोग घरों में दुबक जाते थे। लेकिन हाल के दिनों में कई नक्सलियों के आत्मसमर्पण, मुठभेड़ में मारे जाने व कई के जेल जाने के बाद नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। अब नक्सली गिनती मात्र के बचे हैं।

वहीं एसपी एहतेशाम वाकारिब ने मीडिया के माध्यम से नक्सलियों से अपील की कि सरकारी नीति के तहत आत्मसमर्पण करें और समाज की मुख्यधारा में जुड़कर अच्छे समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## टेंपो पलटने से एक बच्चे की मौत, चार घायल



**डुमरी (गुमला)।** डुमरी थाना क्षेत्र के बेलटोली ग्राम में एक टेंपो वाहन के पलट जाने से एक पांच वर्षीय बालक अर्थ भगत पिता अनूप भगत बेलटोली की घटना स्थल में ही मौत हो गई। वहीं चार अन्य बच्चे घायल हो गए। जिनमें तीन बच्चों की स्थिति गंभीर है। तत्काल सभी घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी में करने के बाद पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घायल बच्चों में रोशन उरांव (11), पिता तेजपाल उरांव का पैर टूट गया है। सुशांत उरांव (04) पिता प्रीतेश उरांव के सिर में गहरी चोट है एवं पैर में भी चोट है। आर्यन उरांव (05) पिता रामकृपा उरांव का हाथ और पैर दोनों में चोट है। विकल्प उरांव (03) पिता सिबल उरांव को भी चोट लगी हुई है। सभी बेलटोली ग्राम के निवासी हैं। इस संबंध में वाहन चालक राजेश उरांव ने बताया कि सभी बच्चों को टेंपो से घुमा रहे थे इसी क्रम में मृतक बच्चा टेंपू से गिर गया तो सभी बच्चों ने चिल्लाया बाबू गिर गया तभी मैंने अचानक टेंपो का ब्रेक मार दिया जिससे टेंपो पलट गयी। वहीं उतरकर देखा कि एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। तभी आनन फानन में ग्रामीणों के सहयोग से मृतक सहित सभी घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरी लाया गया। जानकारी के मुताबिक चालक नशे का सेवन किया हुआ था।

## डैम में डूबे दस वर्षीय बालक का शव बरामद

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थानांतर्गत पतुरा ग्राम निवासी राजन लोहरा के दस वर्षीय पुत्र अंकित का शव सोमवार सुबह सकेया घनसिंह टोली डैम से स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बरामद किया गया। सोमवार को सुबह थाना प्रभारी छोटू उरांव सदलबल घटनास्थल पहुंच कर शव का पंचनामा कर पोस्टमास्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मालूम हो कि रविवार को अंकित अपने अभिभावकों के साथ सकेया डैम गया था जिसके बाद वह लापता हो गया था। उसके परिजनों ने उसके डूबने की आशंका व्यक्त की थी। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रविवार को शव को ढूढने का काफी प्रयास करने के बाद भी शव बरामद नही हो पाया था। अंकित के डूबने से मौत होने पर जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग, सिसई विधानसभा के कांग्रेस नेता भानु प्रताप बड़ाईक, मुखिया विकास इंदवार, मुखिया संघ की अध्यक्ष एमलेन कुल्लू, अमित बघवार समेत अनेक लोगों ने दुख व्यक्त किया है।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार पिता-पुत्री घायल

**भरनो (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो ब्लॉक चौक के समीप ट्रक के धक्के से बाइक सवार पिता पुत्री घायल हो गये। पुत्री को भरनो अस्पताल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। बाइक चालक रांची बरियातू निवासी नशिम खान अपनी बेटी अलीशा परवीन के साथ गुमला से रांची जा रहे थे, इसी क्रम में भरनो ब्लॉक चौक के समीप ट्रक को ओभरटेक करने के दौरान ट्रक से धक्का लग गया और बाइक सवार ट्रक के आगे गिर गया और बाइक में सवार अलीशा के पैर में ट्रक का आगे का चक्का चढ़ गया, जिससे उसके दोनों पैर टूट गये। उसके पिता को भी हल्की चोट आई है। पुलिस ने उक्त ट्रक को अपने कब्जे में कर थाने ले गयी। घटना सोमवार सुबह की है।

**बैठक :** शहर को जाम मुक्त रखने के लिए एसडीओ कार्यालय में आवश्यक बैठक

# गुमला शहर की यातायात होगी व्यवस्थित : रवि जैन

**नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों को उठाने का चलाया जायेगा अभियान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** शहरी यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई। यह बैठक एसडीओ के कार्यालय कक्ष में अयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी विजय विरुआ, नगर प्रशासक संजय कुमार, अंचल अधिकारी कुशलमय मुंडू, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, पणन सचिव अभय कुमार सहित कई पदाधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स सहित कई सामाजिक संस्थाओं के लोग भी मौजूद थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि वे टीमवर्क/ समूह भावना से काम करते हुए शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कार्य करें। उन्होंने पणन सचिव को निर्देशित किया कि नगर परिषद द्वारा जिन दुकानों को विस्थापित किया गया है उन थोक विक्रेताओं को बाजार टांड़ या बाजार समिति में नियमानुसार स्थान सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि जल्द ही दो टो अवे वाहन खरीदे जा रहे हैं। इन वाहनों के खरीदने के बाद नो पार्किंग एरिया में खड़े वाहनों को उठाने का अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी से कहा कि वे नो पार्किंग में खड़े वाहनों को जुमार्ना करें। अनुमंडल पदाधिकारी ने सार्जेंट मेजर को निर्देश दिया कि नगर परिषद ने जिन जिन स्थानों से सड़क खाली कराई है वहां पर पुनः अतिक्रमण न हो इसको लेकर पुलिस भी नियमित रूप से अपने स्तर पर गश्ती करें।

## बस स्टैंड रोड स्थित गुड्डू गैरेज के मालिक से एक दर्जन लोगों ने की मारपीट, की तोड़फोड़

**पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** बस स्टैंड रोड निवासी संदीप विश्वकर्मा ने बस स्टैंड स्थित गुड्डू गैरेज में घुसकर तोड़फोड़, जान से मारने का प्रयास व धमकी के संबंध में गुमला थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए गए आवेदन में पीड़ित ने कहा है कि गुमला ललित पड़ाव बस स्टैंड स्थित जगह में मेरा ऑटोमोबाइल का गैरेज है, जहां रविवार की शाम को 5:00 बजे शहर के दिनेश प्रसाद, चिराग प्रसाद, आशीष प्रसाद कुछ महिला व अन्य लोग आये और कहने लगे कि तुम बहुत बड़ा रंगदार हो कहकर मारने लगे और चिराग प्रसाद ने कनपटी में हथियार सटा दिया और दिनेश प्रसाद ने कनपट्टी में टांगी सटा दिया और तोड़फोड़ करने लगे और जान से मारने का प्रयास किया। वहीं पॉकेट में रखे 20 हजार रुपए भी छीन लिये। कहने लगे कि गैरेज कल तक खाली कर दो वरना सब को काट के रख देंगे। जिसके बाद गैरेज में तोड़-फोड़ करने लगे और गैरेज में रखी कार को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। भीड़ होने पर वह लोग वहां से भाग गए। उन्होंने आगे बताया कि उक्त जमीन पर न्यायालय में केस चल रहा है। जिसके बाद उक्त लोग मेरे गैरेज में आकर तोड़फोड़ किए जिससे मेरा लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

वहीं पीड़िता गैरेज मालिक संदीप विश्वकर्मा ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है और घटना का सीसीटीवी फुटेज भी दिखाया।

## सहायक वाणिजय कर आयुक्त पर भयादोहन का आरोप

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सहायक वाणिजय कर आयुक्त मिथलेश कुमार का व्यवहार व्यापारियों के प्रति अच्छा नहीं है। यह कहना है जिला कांग्रेस के दो महासचिवों का। उपायुक्त को दोनों महासचिवों ने इस मामले में पत्र लिखा है। जिसकी प्रतिलिपि वाणिज्य कर मंत्री रामेश्वर उरांव को भी दी गई है। उपायुक्त को लिखे पत्र के अनुसार सहायक वाणिजय कर आयुक्त व्यापारियों के साथ लगातार अभद्र व्यवहार करते हैं। यहां तक कि वह तुम - ताम एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करते हुए धमका कर व्यापारियों से भयादोहन करते हैं। जिससे व्यापारियों में काफी आक्रोश है एवं भय व्यात है। जिसकी शिकायत पार्टी स्तर पर भी आई है। इस विषय पर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि 18 मई को 11:30 बजे सुबह वाणिज्य कर विभाग गुमला कार्यालय का घेराव किया जाएगा। एवं उचित कार्यवाही नहीं होने पर

## उद्योग विभाग गुमला ने जलहन गांव में किया स्किल मैपिंग कार्य

**आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने दिये कई आवेदन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाघरा।** जिला प्रशासन के निर्देश पर खनन क्षेत्र के दुर्गम आदिम जनजाति गांव जलहन गांव में सोमवार को उद्योग विभाग द्वारा स्किल मैपिंग का कार्य का आयोजन किया गया। इस क्रम में पंचायत के मुखिया राजेश बड़ाईक, उद्योग विभाग के सूरज कुमार, रोजगार सेवक एवं खाद आपूर्ति विभाग के कर्मी गांव में आदिम जनजाति के लोगों से विभाग से संबंधित लाभकारी योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही विलुप्त हो रहे आदिम जनजाति परिवार व उनके उत्थान हेतु आवेदन प्राप्त किए। इस क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि डाक राशन लोगों को लगभग आठ किलोमीटर पहाड़ चढ़कर और उतरकर फिर ले जाना पड़ता है, उसे नजदीक में ला दिया जाए। इसके साथ ही मत्स्य पालन के लिए तालाब की मांग, लाह की खेती के लिए ट्रेनिंग कराने की भी बात कही गई। हिंडालको कंपनी में काम करने की मांग, सूअर और बकरी पालन, मिनी आंगनबाड़ी सोलर लाइट, आखडा निर्माण, सेड निर्माण सहित कई योजनाओं की मांग भी की गयी और आवेदन दिया। इस मौके पर मुखिया राजेश बड़ाईक ने कहा कि आदिम जनजाति परिवार के लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो जिसको लेकर यह कार्यक्रम जिला के निर्देश पर किया गया है, ताकि आदिम जनजातियों का उत्थान हो सके।

इस मौके पर मुन्ना असुर, कृष्णा असुर, चरवा असुर, रामचरनी असुर, सुखनाथ असुर सहित कई आदिम जनजाति परिवार के लोग उपस्थित थे।

**पशुपालक परेशान :** बिशुनपुर प्रखंड में लगभग एक महीने से मवेशी चोर गिरोह सक्रिय

# दर्जनों गरीब किसानों के मवेशियों की अब तक हो चुकी है चोरी

**बिशुनपुर पुलिस को अब तक इसकी भनक भी नहीं लग पाई है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिशुनपुर।** प्रखंड में इन दिनों मवेशी चोर गिरोह पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं और प्रखंड के गरीब किसानों की मवेशी को चोरी कर ले जा रहे हैं। बिशुनपुर पुलिस को अब तक इसकी भनक भी नहीं लग पाई है। बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बड़का दोहर गांव में रविवार की रात लगभग 1:00 बजे मवेशी चोर गिरोह पहुंचा, जहां पर शिवकुमार भारती के गोहार में रखे गए तीन मवेशियों को चोरी कर ली गयी। जिसके बाद गिरोह बगल के दामकोम गांव पहुंचा, जहां प्रबल बेक के घर से एक बैल चोरी कर पिकअप वाहन में लोड कर ले गए। उसी बीच एक घर की छत में कुछ लोग सो रहे थे जो यह कारनामा देखकर हल्ला करने लगे तो गिरोह के लोग गाड़ी भगाकर ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गाड़ी की लाइट ऑफ करके लोग घर में घुसे और मवेशी को निकालकर गाड़ी में लोड किया। जिसके बाद हम लोगों की नींद खुली तो हम लोगों ने हल्ला किया, जिस कारण वे लोग एक ही मवेशी को लोड कर सके और बाकी को छोड़ कर भाग निकले।

**पूर्व में भी हो चुकी है कई गांवों में मवेशियों की चोरी :** मालूम हो कि यह चोर गिरोह बिशुनपुर प्रखंड में लगभग एक महीने से पूरी तरह से सक्रिय है और लगभग आधा दर्जन गांव के किसानों के मवेशी चोरी कर ले गए हैं। इस संबंध में गमाहार पाठ के कंदरू नगेसिया ने बताया कि वे लोग पठारी क्षेत्र में निवास करते हैं। जिस कारण गर्मी के दिनों में मवेशी खुला रहता है और जंगल में चरते रहता है। इसी दरमियान लगभग एक महीना पूर्व कुछ व्यक्ति पिकअप लेकर आए और अपने साथ टमाटर भी लाए थे। टमाटर को वे लोग मवेशियों को खाने के लिए दे दिए। जिसके बाद सभी मवेशी एक जगह इकट्ठा हो गए और सबको पकड़कर गाड़ी में लादकर ले गए। इसमें कंदरा नगेसिया का तीन, मिथुन नगेसिया का एक, बृजमोहन नगेसिया का एक, बंधनू नगेसिया का एक, टीभना नगेसिया के दो एवं मधरु नगेसिया के दो मवेशियों को चोरी कर लिया गया। वहीं चपाटोली गांव में लगभग 15 दिन पूर्व रामदेव बड़ाइक के गोहार में बांधे दो मवेशी को रात में चोरी कर ले जाया गया। इसके अलावा रोल, तुमसे, लापु, बेरी टोली, कटिया मैना टोली सहित अन्य गांव के किसानों की मवेशी की भी चोरी हो चुकी है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस संबंध में थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने कहा कि पहले की घटना की जानकारी मुझे नहीं है। रात में कुछ लोगों के द्वारा दूरभाष से घटना की जानकारी दी गई है। हम हरसंभव उस गिरोह को पकड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गांव के लोग ग्राम रक्षा दल बनाकर रात में पहरा दें और चोर गिरोह गांव में सक्रिय दिखाई देता है तो उसकी सूचना नजदीकी पिकेट या थाना को दें।

### दिन में नेतरहाट घाटी और रात में गांवों में हो रही है चोरी

मवेशी चोर गिरोह के द्वारा बड़ी होशियारी के साथ मवेशियों की चोरी की जा रही है। उन्हें मालूम है कि नेतरहाट घाटी में मवेशी खुला रहते हैं, जिसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं रहता है। यही वजह है कि वे लोग अपने साथ पिकअप में टमाटर लेकर आते हैं और सबसे पहले मवेशियों को खाने के लिए दे देते हैं। जब सभी मवेशी एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं जिसके बाद उन्हें पकड़कर गाड़ी में लादकर ले जाते हैं। वहीं गिरोह के द्वारा रात में गांव में घुसकर लोगों के गोहार में रखे गए मवेशियों की चोरी की जा रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी की जीत पर सिसई में युवा कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**सिसई (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत पर गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी की अगुवाई में सिसई प्रखंड के बंटी कंप्लेक्स के समीप एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतू उरांव उपस्थित रहे। इस मौके पर चैतू उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा लगातार कांग्रेस पार्टी को बदनाम करने की साजिश रची जा रही थी, परंतु कर्नाटक की जनता ने कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देकर साजिश को नकार दिया है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा मोदी सरकार की नीतियों से देश की जनता ऊब चुकी है। कर्नाटक की जनता ने नफरत की राजनीति करने वालों को करारा जवाब दिया है। आने वाले चुनावों में कांग्रेस पार्टी केंद्र में बैठी मोदी सरकार को सत्ता को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। मौके पर लोहरदगा अध्यक्ष सूखैर भगत, नेसार अहमद, युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रजब अंसारी, तनवीर गोहर, जितेंदर लोहरा, अहमद खान, जावेद अली, निके उरांव, नईम अंसारी, बिहारी भगत, पंकज उरांव, समीर बेक सहित सैकड़ों की संख्या में प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद थे।

### भरनो में केशरवानी समाज की बैठक में कमेटी का किया गया पुनर्गठन

**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बस्ती शिव मंदिर परिसर में केशरवनी समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राजेश केशरी ने की। बैठक में समाज को संगठित करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से केशरवानी समाज का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोहर लाल केशरी, उपाध्यक्ष श्रीकान्त केशरी, महामंत्री शम्भू केशरी (शिक्षक), सचिव विनय केशरी, सह सचिव प्रमोद केशरी, कोषाध्यक्ष भीष्म प्रसाद केशरी, सह कोषाध्यक्ष शिव कुमार केशरी, संरक्षक भुनेश्वर साहू, रामधन साहू, अशोक केशरी, पुनीत केशरी, महाबीर केशरी, भोला प्रसाद केशरी, श्रीराम केशरी, सुनील केशरी, हीरालाल केशरी, भरत प्रसाद केशरी, गया प्रसाद केशरी, दीनानाथ प्रसाद केशरी, सलाहकार दिलीप प्रसाद केशरी (शिक्षक), विष्णु केशरी, राजेश केशरी, सुदामा केशरी, गौतम केशरी, योगेंद्र केशरी, मनोज केशरी, सत्यनारायण केशरी, अजित केशरी, प्रदीप केशरी, मुरारी केशरी, मीडिया प्रभारी अभिषेक केशरी, शम्भू केशरी, रोशन केशरी, राहुल केशरी को सर्वसम्मति से चुना गया। इस बैठक मे केशरवानी समाज के सेकड़ों लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता भानु प्रताप बड़ाइक ने क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं की ली जानकारी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के कला एवं संस्कृति विभाग के प्रदेश चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाईक ने बसिया थाना चौक से पंथा, सूरजपुर, कुल्लूसेरा होते हुए लुंगटु कुम्हारी-गुमला मुख्य मार्ग तक का निरीक्षण किया। वहीं ग्रामीणों के साथ मिलकर पथ के अतिरिक्त पेयजल, जमीन ऑनलाइन, पेंशन, राशन एवं सिंचाई आदि समस्याओं से अवगत होते हुए। सूरजपुर में राजेंद्र माझी एवं कल्याण तोपनो की अगुवाई में बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से बसिया थाना चौक से लुंगटु पंचायत भवन तक की सड़क को कुम्हारी गुमला मुख्य मार्ग से जोड़ने का ग्रामीणों ने जोरदार आग्रह किया। बैठक में पंथा की मुखिया सेतेंग हेमरोम ने लोगों से कहा कि बसिया थाना चौक से लुंगटु पंचायत भवन तक जर्जर सड़क की चौड़ीकरण होनी चाहिए, जिससे लगभग 30 गांव को आवागमन एवं आर्थिक व्यापार के लिए सुविधा हो जाएगी। साथ ही बसिया अनुमंडल मुख्यालय से जिला गुमला मुख्यालय तक जाने में लोगों को सुविधा हो जाएगी। मौके पर कॉंग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अरविंद साहू, मंडल अध्यक्ष प्रकाश सुरीन समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में संग्रहित हुआ 71 यूनिट खून

**गुमला। (आजाद सिपाही)।** गुमला सदर अस्पताल में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों व आम जनों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 71 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देशानुसार जिले भर के सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसकी शुरुआत सोमवार को गुमला सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक से की गई। जहां जिले के कई अधिकारी एवं कर्मियों सहित आम जनों ने भी रक्त दान कर इस शिविर में भाग लिया। शिविर का आयोजन बीडीओ सदर एवं सीओ सदर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के टीम के सहयोग से किया गया। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर गुमला,अंचल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जन प्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के कर्मी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर प्रखंड गुमला के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, आनंद राम महतो प्रधान लिपिक रणजीत कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मिशन बदलाव ने वार्ड नंबर 1 में पानी की समस्या के समाधन लिए डीडीसी को सौंपा मांग पत्र



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के महिला टीम के जिला सचिव सैयदा खातून, नगर अध्यक्ष जयोति वर्मा, नगर सचिब जयोति ग्लोरिया कुजूर और चंदकला टोप्पो के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल द्वारा वार्ड के सवाल वार्ड के सरकार अभियान के तहत विभिन्न वार्डो का दौरा किया गया था और वार्ड नंबर 1 लोगों ने पानी की समस्या को लेकर अवगत कराया था और बताया कि गर्मियों के वजह से पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है और पानी के लिये यहां वहां भटकना पड़ रहा है। वार्ड नम्बर 1 मोहल्लेवासियों ने बताया कि ड्राई जॉन होने के वजह से तुकुटोली में बहुत गम्भीर पेयजलापूर्ति के लिये हाहाकार मचा हुआ है और प्रतिदिन टैंकर की सप्लाई की भी मांग मोहल्ले वालों के द्वारा की गयी है। सैयदा ने कहा कि पेयजलापूर्ति के समस्याओं के समाधान के लिये डीडीसी और नगर परिषद पदाधिकारी को भी समस्याओं को लेकर अवगत करा दिया गया है। ज्ञापन देने वालों में मिशन बदलाव कामडारा के जेम्श होरो और सिकंदर सिंह भी शामिल थे।

